जिसने खाटू नहीं देखा | by Puja Nathani

दिलवाले तो बहुत है जग में श्याम सा दिलदार नहीं
बहुत महल और कोठी देखे खाटू सा दरबार नहीं

स्वर्ग हज़ारों बैकुंठ चाहे लाख देखा जी
जिसने खाटू नहीं देखा फिर क्या ख़ाक देखा जी

खाटू दरबार लगाया मरुधर में स्वर्ग बनाया
कृष्ण का वर पाकर के कलयुग का देव कहाया

वही राम है वही कृष्ण है वही है भोले शंकर
पूजा करने लायक सुनलो खाटू का हर कंकर
सभी देव हैं हर कंकर में झाँक देखा जी
जिसने खाटू नहीं देखा फिर क्या ख़ाक देखा जी

खाटू में शीश की पूजा वहां पे हाथ नहीं है
ऐसा काम बताओ जिसमे इसका हाथ नहीं है
करे करिश्मा ये तो हाथों हाथ देखा जी
जिसने खाटू नहीं देखा फिर क्या ख़ाक देखा जी

बनवारी आसान है भक्तों खाटू नगरी जाना
लेकिन बड़ा ही मुश्किल सुनलो वहां से वापस आना
इससे बिछड़ कर सबकी बरसे आँख देखा जी
जिसने खाटू नहीं देखा फिर क्या ख़ाक देखा जी

जो भी सवाली आये, मुंह माँगा वो वर पाए
ऐसे देव की जय जैकार में कमी ना रह जाए
सच्चे दरबार की जय, सच्ची सरकार की जय
हाँ लखदातार की जय, लीले असवार की जय

मरुधर भूमि चुनी है तूने अपना धाम बनाने
तेरे द्वार की अमिट कहानी वेद पुराण बखाने
सुनी सुनाई बात ना खुद की आँख देखा जी
दर्दी की श्री श्याम बचाये साख देखा जी
जिसने खाटू नहीं देखा फिर क्या ख़ाक देखा जी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%bf%e0%a4%b8%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96%e0%a4%be-by-puja-nathani/